Printed Pages – 4

# AI -1645

## B. Ed. (Part-I)

## Term End Examination, 2020-21

### PEDAGOGY of LANGUAGE : HINDI

***Paper : Fifth***

***Time Allowed : Three hours***

***Maximum Marks : 80***

***Minimum Pass Marks : 27***

*नोट : सभी **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

### इकाई-I

1. "भाषा केवल एक विषय ही नहीं अपितु समस्त विषयों के अधिगम एवं अभिव्यक्ति का आधार है।" इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं? स्पष्ट कीजिए।





**अथवा**

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए—

(अ) भाषा के विभिन्न स्वरूप।

(ब) भाषा ध्वनि संकेतों की मान्य व्यवस्था है।

(स) भाषा शिक्षण के सामान्य सिद्धान्त।

### इकाई-II

2. (अ) वाक्य किसे कहते हैं? वाक्य के प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

(ब) "व्याकरण शिक्षण के बिना भाषा शिक्षण अधूरा है।" इस कथन के औचित्य को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए—

(अ) हिन्दी भाषा की ध्वनियों का वर्गीकरण।

(ब) हिन्दी वाक्यों में प्रयुक्त विराम चिन्ह

(स) हिन्दी में उच्चारण दोष के कारण और निराकरण।

### इकाई-III

3. भाषा अर्जन में परिवेश की भूमिका स्पष्ट करते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के भाषा में दिखाई देने वाले अन्तरों की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए—

(अ) भाषा सीखने में अनुकरण, प्रयोग एवं अभ्यास का महत्त्व।

(ब) इन्सान में भाषा अर्जन की जैविक अनुकूलता।

(स) प्रथम भाषा के रूप में हिन्दी शिक्षण के उद्देश्य और महत्त्व।

## इकाई-IV

4. हिन्दी भाषा में अक्षर विन्यास या वर्तनी सम्बन्धी त्रुटियों पर प्रकाश डालते हुए, इन्हें दूर करने के उपायों की चर्चा कीजिए।

**अथवा**

हिन्दी शिक्षण में पाठ्यपुस्तकों का स्थान एवं महत्त्व स्पष्ट करते हुए, हिन्दी शिक्षण में पाठ्यपुस्तकों की अपेक्षित विशेषताओं का वर्णन कीजिए।





## इकाई-V

5. भाषा शिक्षण में प्रयुक्त शिक्षण सामग्रियों को सूचीबद्ध करते हुए उनकी उपयोगिता एवं महत्त्व का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

पाठ्यक्रम से आपका क्या अभिप्राय है ? पाठ्यक्रम निर्माण के विभिन्न सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए।